पल मदद में जुटी है। भूकंप प्रभावित

सरकार का विजन साझा करेंगे केंद्रीय मंत्री

- प्रधानमंत्री करेंगे यूपीजीआइएस का उद्घाटन, राष्ट्रपति होंगी समापन समारोह की मुख्य अतिथि
- 21 केंद्रीय मंत्री विभिन्न सेक्टोरल सत्र में सरकार की नीतियों की करेंगे चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : उत्तर प्रदेश को नए भारत का ग्रोथ इंजन बनाने के प्रदेश सरकार के प्रयासों में केंद्र सरकार की टीम भी बराबर की साझीदार बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूपी में 10 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के भव्य समारोह का उद्घाटन करेंगे और उनकी 21 वरिष्ठ मंत्रियों की टीम 10-12 फरवरी के बीच विभिन्न सत्रों में उपस्थिति दर्ज करा सरकार की नीतियों की चर्चा निवेशकों से करेगी। तीन दिनों के इस मेगा शो में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल समेत अन्य वरिष्ठ मंत्री डबल इंजन की सरकार के विजन को साझा करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 12 फरवरी को समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी।

यूपीजीआइएस-23 के पूरे कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा को तकरीबन अंतिम रूप दिया जा चुका है। तयशुदा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के बाद 10 फरवरी को विभिन्न विषयों पर सेक्टोरल सत्र शुरू हो जाएंगे। समिट के पहले दिन, उत्तर प्रदेश : डिजाइनिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग इन इंडिया फार द वर्ड विषय पर आयोजित सत्र में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसी दिन टूरिज्म लेवरजिंग ए कल्चरल हैरिटेज फार माडर्न एंड प्रोग्रेसिव उत्तर प्रदेश, विषय पर आयोजित सत्र में केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी इस क्षेत्र विशेष की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। सस्टेनेबल डेवलपमेंट थ्रू रिन्यूबल एनर्जी पर आयोजित सत्र में केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह रहेंगे। वहीं, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एडवांटेज उत्तर प्रदेश डिफेंस कारिडोर, की उपयोगिता पर चर्चा करेंगे। ओडीओपी विषय पर आयोजित सत्र की मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी होंगी। अपारच्युनिटी फूड प्रोसेसिंग लेवरेजिंग फूड बास्केट आफ इंडिया विषय पर केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस सरकार के विजन को साझा करेंगे। पहले दिन सायं साढ़े छह बजे आयोजित सांस्कृतिक समारोह की मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल रहेंगी। संबंधित सामग्री » 6